महत्वपूर्ण पत्र

कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,
O/o The Controller General of Defence Accounts
उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-10
Ulan Batar Road,Palam,Delhi Cantt.-10

सं. 0746/हि.क./कार्यशाला/जि. 5 दिनांक : 25.01.2019

सेवा में,
सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक
प्रधान लेखा नियंत्रक (फै.), कोलकाता
(वैबसाइट के माध्यम से)

विषय: कनिष्ठ अनुवादक से वरिष्ठ अनुवादक के उच्च्च पद के दायित्वों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु।

रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी संवर्ग से संबंधित विद्यमान भर्ती नियमों के अनुसार कनिष्ठ अनुवादक से वरिष्ठ अनुवादक के ग्रेड में पदोन्नति हेतु दो सप्ताह का विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है।

2. इसके मद्देनज़र विभाग के सभी अप्रशिक्षित कनिष्ठ अनुवादकों को उक्त प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। अनुरोध है कि आपके कार्यालय/संगठन में तैनात ऐसे सभी कनिष्ठ अनुवादकों, जिन्होंने दो सप्ताह का विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है, के नाम इस मुख्यालय कार्यालय को **hindicell.cgda@nic.in** पर दिनांक 08.02.2019 तक भेजने का कष्ट करें। चूँकि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वरिष्ठ अनुवादक के ग्रेड मे पदोन्नति से संबंधित है, अतः इसमें भाग लेना अनिवार्य है।

रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

(श्रीनिवास शर्मा)
सहायक निदेशक (रा.भा.)